तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023

09 गीता जयंती पर कोसरिया यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा


12 ठंड के मौसम में हरी सब्जियां हुई महंगी, रसोई का बिगड़ा बजट




अत्याधुनिक लेजर टेक्नोलॉजी से पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, पिलोनाइडल साइनस, वैरिकोस का इलाज इसराइल से आयातित, नियो वी लेजर मशीन
कम समय, कम तकलीफ, कम खर्च, कम भर्ती, कोई चीरा नहीं, टाका नहीं, पट्टी नहीं
त्वरित एवं दीर्घकालिक निवारण
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, गर्भवती महिलाओं के लिए भी अत्यंत सुरक्षित
पहले भी ऑपरेशन करा चुके मरीज जो ठीक नहीं हुए या जिन्हें दोबारा हो गया है
LASER ← से किये जाने वाले ऑपरेशन
PILES FISSURE FISTULA
एडवांस लेजर पाइल्स ओ पी डी, प्रतिदिन प्रदीप हॉस्पिटल कुरुद, सिटी हॉस्पिटल धमतरी कर्मा हॉस्पिटल अभनपुर
सर्व सुविधायुक्त 100 बिस्तरों का अस्पताल
प्रदीप हॉस्पिटल
कुरुद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
नार्मल डिलीवरी, सिजेरियन ऑपरेशन के लिए स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्ड चल रहा है, साथ ही सभी प्रकार की आकस्मिक बिमारियों का इलाज स्मार्ट कार्ड से होगा.
उपलब्ध सुविधाएं
स्त्री रोग - नार्मल डिलीवरी, सीजेरियन डिलीवरी, बच्चादानी की सर्जरी, स्त्रियों की नसबंदी स्मार्टकार्ड से. जनरल सर्जरी - बवासीर, भगंदर, फिशर, हार्निया, हाइड्रोसील, गालब्लैडर, स्तन के गांठ, स्तन कैंसर. अस्थि रोग - हड्डियां एवं जोड़ों की चोट व फ्रेक्चर, कंधे, घुटने, कमर में दर्द हड्डियों से मवाद आना और टूटी हड्डियों को जोड़ना. मूत्र रोग - किडनी, यूरेटर, पेशाब की नली के पत्थर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना और पेशाब का रुकना, पेशाब नली की पैदाइसी विकृतियां. दन्त रोग - स्मार्टकार्ड से नि:शुल्क दांतो का ईलाज. जनरल मेडिसीन - ब्लडप्रेशर, शुगर, थायरायड, टाइफाइड, मलेरिया, पीलिया. शिशु सर्जरी - नवजात शिशुओं की पैदाइसी विकृतियां, मलद्वार का न बना हुआ होना, छोटे बच्चों की सर्जरी. 3D/4D - सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे, कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी, लैब डिजिटल कॉल्पोस्कोपी, यूरोफ्लोमेट्री की आर्म, नि:शुल्क एम्बुलेंस, कार्बनडाई ऑक्साइड लेजर
डॉ. प्रीति साहू M.B.B.S., स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रदीप साहू M.B.B.S., M.S., M.C.H. (Surgeon)

## खबर संक्षेप

### राजपुर में मड़ई मेला 8 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव ने दी है।

### विधायक अजय आज मुल्ले में

**जीजामगांव।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास की जयंती



अवसर पर ग्राम मुल्ले में दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 दिसम्बर को किया गया है। शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में सतनामी समाज एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### सिद्धिमा का नेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में चयन

**कुरूद।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद की प्रतिभावान छात्रा सिद्धिमा साहू पिता हुमनलाल साहू का चयन 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा



प्रतियोगिता में हुआ है। यह प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी 2024 तक दिल्ली में आयोजित होगी। विदित हो कि सिद्धिमा ने इससे पूर्व राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है। विद्यालय के खेल विभाग के प्रमुख रमनदीप चौधरी, राकेश यादव, वीणा सिन्हा ने बताया कि कक्षा आठवीं की छात्रा सिद्धिमा साहू प्रारंभ से ही प्रतिभावान रही है। उन्होंने खेल में फोकस करते हुए अपनी लगन, मेहनत से इस मुकाम को पाया है।

### मधुबन में साईं जन्मोत्सव आज

**मगरलोड।** मधुबन धाम में आज साईं बाबा का जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। स्वर्गीय मुन्ना ठाकुर उर्फ मनमोहन सिंह ठाकुर साईं भक्त की स्मृति में 28 मार्च 2015



को मधुबन धाम रांकाडीह में साईं मंदिर का निर्माण किया गया है। मनोकामना पूर्ण अखंड ज्योति नंदा दीप की स्थापना 9 अक्टूबर 2018 को साईं मंदिर मधुबन धाम में की गई है जहां अनवरत ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। इस वर्ष भी 25 दिसंबर सोमवार को साईं जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। मंदिर की संचालिका श्रीमती सुलोचना ठाकुर ने क्षेत्र के साईं भक्तों से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। 25 दिसंबर को सुबह 6 बजे साईं बाबा का अभिषेक,7 बजे आरती और 12 बजे हवन, यज्ञ पूजन तथा शाम 6 बजे महाआरती होगी। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक साईं भंडारा कर प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में राजेंद्र कुमार साहू, ललित कुमार, चंद्रकुमार साहू फुसेरा जुटे हैं।

राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित साहू विधायकों का हुआ सम्मान

# साहू समाज उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर : अरूण साव

■ कार्यक्रम में विधवा का कुंवारा बेटा से कराया गया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साहू समाज द्वारा रविवार को स्थानीय पुराना मंडी परिसर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित साहू विधायकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपमुख्यमंत्री अरूण साव, ओंकार साहू धमतरी विधायक, मोतीलाल साहू रायपुर विधायक, इंद्रकुमार साहू विधायक अभनपुर, रोहित साहू विधायक राजिम, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, ईश्वर साहू विधायक साजा, दीपेश साहू विधायक बेमेतरा, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, संदीप साहू विधायक कसडोल, इंद्र साव विधायक भाटापारा का सामाजिकजनों ने शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।









इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज अब उतरोत्तर विकास कर रहा है। युवा व युवती शिक्षित होकर देश के विभिन्न क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। व्यापार में भी साहू समाज के सदस्य अपनी ताल ठोक रहे हैं। छग राज्य साहू बाहुल्य है इसलिए संगठित होकर रहना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन हुआ। परिचय सम्मेलन में पंजीकृत 750 एवं अपंजीकृत 150 युवक-युवतियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की इस कड़ी में विधवा बेटी नैनी साहू खरतुली का सत्यप्रकाश साहू बगदेही के साथ वैदिक मंत्रों के बीच सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट समाज सेवा, पत्रकारिता, सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने वालों का मंच पर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, विपिन साहू, दयाराम साहू, मालकराम साहू, अवनेन्द्र साहू, यशवंत साहू, तोरणलाल साहू, केकती साहू, अमरदीप साहू, सहदेव साहू, रामभरोसा साहू, युवराज साहू, गोकुल साहू, गौकरण साहू, रेखा साहू, लीलाराम साहू, चोवाराम साहू, गणेशराम साहू, नरेन्द्र साहू, निरंजन साहू, नंदकुमार साहू, गोपीकिशन साहू, महेन्द्र साहू, शिवनारायण साहू, तेजराम साहू, केशव साहू, मंजूषा साहू, भागेश हिरवानी, डीपेन्द्र साहू, मेवालाल साहू, नरोत्तम साहू, पवन गजपाल सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

### आदर्श समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रहे : अवनेन्द्र

जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने कहा कि सभी सामाजिकजन संगठित एवं जागरूक होकर आदर्श समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से उत्कृष्ट समाज सेवक, सनातन धर्म प्रचार-प्रसार करने वालों का सम्मान हुआ। उन्होंने कहा कि साहू समाज सबको साथ लेकर चलने वाला समाज है। इस विशेषता को बरकरार रखना उनकी प्राथमिकता है। देश को समृद्ध बनाने में साहू समाज का प्रमुख योगदान है।

## गौवंश की तस्करी करते युवक गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौवंश की तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा। तस्करी के पीछे अन्य कई लोगों के हाथ होने का संदेह है, जिसकी पुलिस जांच रही है। तस्कर से बरामद 9 गौवंश को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित रखा गया है। जिस वाहन से तस्करी की जा रही थी, उसे जब्त कर लिया गया है।



लंबे समय से जिले में गौवंश की तस्करी की शिकायत मिल रही थी। इस पर एक्शन लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने संदिग्ध वाहनों की जांच के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, डीएसपी भावेश साव भी इस दिशा में गंभीरता से काम कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में केरेगांव थाना क्षेत्र में भी कड़ाई से जांच की रही है। शनिवार को केरेगांव थाना में मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप टाटा योद्धा क्रमांक17 केडब्ल्यू 1635 में 9 नग पशुओं को ठूंस कर बिना किसी दाना पानी के क्रूरतापूर्वक अवैध रूप से घुरावड़ बाजार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर द्वारा बताई गई गाड़ी भी वहां पहुंच गई। पूछताछ करने पर वाहन चालक गोलमोल जवाब देने लगा।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वाहन में मिले 9 पशुओं तथा तस्करी में उपयोग किए जा रहे वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम भोजेन्द्र कुमार साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 21 है जो ग्राम खरतुली थाना अर्जुनी जिला धमतरी का रहने वाला है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी केरेगांव सउनि प्रदीप सिंह, प्रआर कांति लाल साहू, डिकेश सिन्हा, आरक्षक शक्ति सोरी, रमेश सोनबेर का योगदान रहा।

## लिमिट बढ़ने के बाद सक्रिय हुए धान तस्कर

■ उड़ीसा से बढ़ी धान की आवक, खप रहा समर्थन मूल्य पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी की लिमिट बढ़ने के बाद उड़ीसा से धान की आवक बढ़ गई है। यहां पर किसानों से सेटिंग कर इस धान को समर्थन मूल्य पर खपाया जा रहा है। अब तो 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य भी मिलने वाला है। ऐसे में भरपूर रिस्क लेकर धान की तस्करी का खेल चल रहा है।

धमतरी जिला उड़ीसा बार्डर से जुड़ा हुआ है। जहां से उड़ीसा की सीमा लगती है, वह क्षेत्र जंगल से घिरा हुआ है। वनांचल में सिंचाई सुविधा का अभाव होने के कारण धान का उत्पादन कम होता है। वनांचल के इस क्षेत्र में धान का उत्पादन प्रति एकड़ 14-15 क्विंटल ही होता है। इसमें भी किसान अपने खाने के लिए धान स्टोर करके रखते हैं। ऐसे में बेचने के लिए उनके पास 10-12 क्विंटल धान ही बचता है। उधर राज्य शासन ने धान खरीदी की लिमिट प्रति एकड़ 21 क्विंटल कर दी है। ऐसे में अपना धान बेचने के बाद किसानों के खातों में काफी मात्रा में धान बेचने के लिए स्थान बच जाता है। इसी का लाभ धान के तस्कर उठा रहे हैं। उड़ीसा क्षेत्र में धान की अच्छी खेती हो रही है लेकिन धान को उतनी कीमत नहीं मिल रही है। उड़ीसा से सस्ते में धान मंगाकर तस्कर धमतरी जिले में खपा रहे हैं। बताया गया है कि धान की तस्करी शाम ढलते ही शुरू हो जाती है, जो रात तक चलती रहती है। धान की तस्करी का यह पूरा खेल सेटिंग से हो रहा है।



### तस्करी रोकना मुश्किल

उड़ीसा बार्डर में गाड़ियों की जांच होती है। खासकर धान से भरी गाड़ियों की जांच बारीकी से की जाती है। विडंबना यह है कि गाड़ियों की जांच बोराई मार्ग पर ही होती है, जबकि उड़ीसा से जिले में प्रवेश के कई रास्ते हैं। तस्कर मुख्य मार्ग को छोड़कर जंगल के रास्ते से धमतरी जिला में पहुंचते हैं। इन रास्तों में चाहकर भी निगरानी नहीं की जा सकती है।

### मंडी में भी बिकने आता है धान

कृषि उपज मंडियों में उड़ीसा से बड़ी मात्रा में धान आता है। उल्लेखनीय है कि यहां धान को मंडी में भी अच्छी कीमत मिल रही है। इसका लाभ धमतरी की सीमा से लगे उड़ीसा के किसान भी उठाते हैं। कई किसान तो मंडी से सौदा पत्रक कटवाकर धान जिले में लाते हैं। सेटिंग से वे व्यापारियों को धान बेचने की बजाय किसानों का खाता जुगाड़ कर समर्थन मूल्य पर खपा देते हैं। इस खेल में धान खपाने वाले किसान को भी मोटी रकम मिलती है।

## चलते ट्रक में लगी आग वाहनों की लगी कतार



■ आधी रात तक ओवरब्रिज के पास रही जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राष्ट्रीय राजमार्ग में चरमुड़िया नहर रेलवे क्रासिंग निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास धान से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आगजनी युक्त ट्रक के वनवे सड़क पर खड़े रहने से कई बड़े वाहनों को आने-जाने में भारी दिक्कत हुई। इससे करीब ढाई बजे रात तक निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक भिलाई का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजी 7955 खरीदी केंद्र से धान भरकर धमतरी की एक राइस मिल जा रहा था। तभी करीब साढ़े आठ बजे नेशनल हाईवे में चरमुड़िया नहर रेलवे क्रासिंग निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पहले अचानक नीचे इंजन की तरफ आग लग गई। धीरे-धीरे यह आग पीछे टायर तक पहुंच गई। इससे ट्रक के पीछे चल रहे वाहन सवारों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रक का चालक नीचे कूदा और पानी से आग को बुझाने लगा। तब तक रायपुर और कुरुद की तरफ आने-जाने वाले सैकड़ों वाहनों का जाम लग गई। घटना की सूचना मिलने पर कुरुद थाने से पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क किनारे व्यवस्थित कर यातायात बहाल कर वापस चली गई। किंतु जाम की स्थिति आधी रात तक बनी रही।

### छोटे वाहन राखी, भाठागांव, भखारा से होकर गुजरे

दोपहिया, कार आदि छोटे वाहन राखी, भाठागांव से भखारा होकर धमतरी, कुरुद जा रहे थे, तो धमतरी, कुरुद की ओर से रायपुर जाने वाले वाहन भुसरेंगा से बगदेही होकर भखारा से रायपुर जा रहे थे। इससे इन वाहन चालकों और सवारों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा।करीब रात 12 बजे पुन: थाना में सूचना देने के बाद पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को दुरुस्त किया। हालांकि धान से भरे ट्रक में अचानक आग लगने से किसी भी प्रकार से जान माल की हानि नहीं हुई है। सोमवार की सुबह से वाहन मालिक ट्रक का टायर बदल उसे हटाने जुटा हुआ था। सप्ताह भर पहले भी एक ओवरलोड ट्रक के खराब होने से चक्का जाम हो गया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का नगर में हुआ भव्य स्वागत

# भाजपा का हर कार्यकर्ता नवसृजन का बीज है : किरण सिंह देव

■ मोदी जी की गारंटी को पूरा करना सरकार का पहला लक्ष्य : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का प्रथम नगर आगमन हुआ। अपने नेताओं के स्वागत में जिले के कार्यकर्ताओं मे जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। नगर को झंडे, पोस्टरों से सजाया गया। घड़ी चौक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री का किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जिस



आत्मीयता से स्वागत किया , उससे अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता नव सृजन का बीज है। उनकी बदौलत ही पार्टी नित नये आयामों को प्राप्त करती आई है।

केदार कश्यप ने कहा कि सरकार का प्रथम लक्ष्य मोदी जी की गारंटी को पूरा करना है । सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार भी दोगुनी होगी।

स्वागत करने वालों मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, रामू रोहरा, प्रीतेश गांधी, रंजना साहू, श्रवण मरकाम, इंदर चोपड़ा, निर्मल बरडिया, प्रकाश बैस, कविंद्र जैन, अरविंदर मुंडी, हेमंत माला, महेंद्र पंडित, नेहरू निषाद, हेमलता शर्मा, श्यामा साहू, चेतन हिंदूजा, अविनाश दुबे, सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, अर्चना चौबे, पार्वती वाधवानी, बीथिका विश्वास, राजेश गोलछा, विनोद पांडेय, नागेंद्र शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, कमल डागा, विकल गुप्ता, डेनिस चंद्राकर, नरेश बरडिया, डीपेंद्र साहू, दयाराम साहू, विजय साहू, हेमंत चंद्राकर, उमेश साहू, अकबर कश्यप, निलेश लुनिया, बसंत गजेंद्र, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, भगत यादव, नवीन सांखला, रोहिताश मिश्रा, विजय मोटवानी, सुशीला तिवारी, विनय जैन, अमित अग्रवाल, सूरज शर्मा, खूबलाल ध्रुव, पिंकू साहू, अज्जू देशलाहरे, मिथिलेश सिन्हा, रीतिका यादव, अनीता यादव, गीता शर्मा, नीतू त्रिवेदी, जागेश्वर साहू, राकेश चंदवानी, संतोष तेजवानी, प्रेम मुंजवानी, अनीता सोनकर, सरिता यादव, सीमा चौबे, पूर्णिमा बनपेला, जागेश्वरी साहू, रूपा नागदेवे, लता सोनी, अखिलेश सोनकर, मनोहर मणिकपुरी, राकेश चौबे, योगेश गांधी, अशोक सिन्हा, निलेश रायचुरा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे ।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

वेन एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई

# परसट्ठी-करेली बड़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ भुईयां सॉफ्टवेयर में शत प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए पटवारी नवीन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





मगरलोड जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करेली बड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। महेन्द्र साहू द्वारा नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के तहत नृत्य प्रस्तुत किया गया।

केंद्र शासन द्वारा संचालित योजना से लाभान्वित 62 हितग्राहियों ने अपनी कहानी अपनी जुबानी के माध्यम से अपनी बातों को साझा किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों को जानकारी दीगई। नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। नया आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड को अपडेट करने का कार्य भी यात्रा में किया गया। वेन एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 23 लोगों को नवीन गैस कनेक्शन दिया गया। 2 कृषकों को अंश प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास हितग्राही को पौधा वितरण एवं 108 लोगों को विकसित भारत संकल्प का टी शर्ट वितरण किया गया। 27 स्कूली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। ग्राम करेली बड़ी हल्का पटवारी नवीन चंद्राकर को मुख्यालय उप तहसील करेली बड़ी को भुईयां सॉफ्टवेयर में शत प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि होने पर सम्मान पत्र प्रदान किया गया। शिविर में सरपंच डोमार सिंह साहू, महेंद्र साहू पूर्व प्राथ. सह. समिति, संतोष साहू जनपद सदस्य, जितेश्वर साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत परसट्ठी में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य डागेश्वर सोनकर द्वारा कार्यक्रम में ग्राम के नागरिकों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित 57 हितग्राहियों ने अपनी कहानी अपनी जुबानी के माध्यम से योजनाओं के लाभ के बारे में बताया। उज्वला योजना के तहत 16 हितग्राहियों को नवीन गैस कनेक्शन, दो कृषकों को अंश प्रमाण पत्र , तीन शिशुवती माता को सुपोषण किट और प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को पौधा वितरण किया। 86 लोगों को भारत विकसित भारत संकल्प का टी शर्ट प्रदान की गई। अन्य 26 लोगों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच टोमन साहू, जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू, जनपद सदस्य डागेश्वर सोनकर, जनपद सभापति गिरीश साहू, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ कुर्मी संझा की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

■ कुर्मी समाज का 22 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ

कुर्मी समाज का 22 वां वार्षिक आयोजन कुर्मी संझा 23 और 24 दिसम्बर को पुरानी मंडी कुरुद में हुआ। भव्य कलश यात्रा सुबह 11 चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार से होते हुए नया बाजार से पुरानी मंडी पहुंची।

प्रथम सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्ही.एस. निरंजन थे। अध्यक्षता विजय बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि लता ऋषि चंद्राकर, धीरज पाटीदार, श्याम बैस, नारायण चंदेल थे। अध्यक्षता टंकराम वर्मा, अग्नि चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर , महेंद्र चंद्राकर, ईश्वरी वर्मा, छाया अमृत, दिनेश गौतम, कपिल कश्यप, पुष्पा नारायण चंद्रा, जागेश्वर वर्मा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, जवाहर वर्मा, केवल वर्मा, पद्मिनी चंद्राकर, नविता चंद्राकर, रीना वर्मा, दीपेश चंद्राकर, हिमांशु वर्मा ने की। कलश यात्रा के बाद राजगीत, अतिथि स्वागत, स्वागत भाषण, समाज का प्रतिवेदन, वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट का प्रतिवेदन, कुर्मी गौरव सम्मान, छात्र प्रतिभा सम्मान, उपजाति प्रमुखों का उद्बोधन, जिला इकाइयों का प्रतिवेदन अध्यक्ष उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम फिर आभार हुआ।

आयोजन में तपन चंद्राकर, छत्रपाल बैस, ज्योति चंद्राकर, ईश्वरी चंद्राकर, शिल्पा चंद्राकर, नीतू चंद्राकर, संतोष बैस, मनोज चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, दीपेश चंद्राकर, सत्यम चंद्राकर, केशव चंद्राकर, दीपक बैस, बैद्यनाथ चंद्राकर, खिलेन्द्र चंद्राकर, जितेन्द्र चंद्राकर, बीरेंद्र बैस, भारती बैस, दुर्गा बैस, नविता चंद्राकर, दुर्गेश्वरी, भावना बैस, भारती चंद्राकर, श्वेता, कविता चंद्राकर, डॉ रूचि चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर, विकास चंद्राकर मौजूद थे।

# वीरनारायण सिंह ने भोजन के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



भाठागांव में मनाया गया शहादत दिवस



ग्राम भाठागांव में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। सुआ, करमा नृत्य के साथ ग्राम की गलियों में कलश यात्रा निकाली गई। ठाकुरराम नेताम, जय, देवनाथ नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह भोजन के अधिकार के लिए लड़ाई लड़े थे। भयानक अकाल के समय व्यापारी अपने गोदाम में अवैध तरीके से अन्न के भंडार भर दिए थे। उन्होंने अन्न के गोदाम से जरूरत के हिसाब से अन्न निकालकर गरीबों में बंटवा दिया था। इसके अलावा जमाखोरी के खिलाफ आवाज उठाई थी। जनता को भूख से तड़पते देख सहन नहीं कर सके और मांगने पर भी नहीं दिए तो जरूरत के मुताबिक साहूकार माखनलाल के गोदाम से अपनी प्रजा के लिए अन्न से भरे गोदाम खुलवाकर जरूरत के हिसाब से बंटवा दिया था। वीर नारायण सिंह के इस कार्य से अंग्रेज बौखला गए और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक में फांसी देने के बाद तोप से उड़ा दिया। 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल बजाने वाले पहले व्यक्ति शहीद वीर नारायण सिंह थे। सभा को ललित ठाकुर, कुलंजन सिंह मांडवी, हरिश्चंद्र मांडवी, खेमराज चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

सभा में प्रमुख रूप से कमल शोरी, पोखराज नेताम, लकेश्वर नेताम, बालमुकुंद नेताम, राधेलाल मरई, कुलेश्वर छेदैया, बोधन छेदैया, घनश्याम कुंजाम, निखिल ओटी, बोधन छेदैया, जन्मजेय ध्रुव, फलेंद्र छेदैया, ओमप्रकाश साहू, माहेश्वरी, श्याम नेताम, रामेश्वरी नेताम, रैनबाई नेताम, दिनेश्वरी नेताम, इंदिरा बाई कोडप्पा मौजूद रहे।

# आनंद मेला में बच्चों ने सीखे व्यापार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भखारा में शीतकालीन अवकाश के एक दिन पूर्व आनंद मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य अर्जुनलाल साहू व उपप्राचार्य एलजी साहू ने स्कूल परिसर में पूजा-अर्चना कर बच्चों द्वारा लगाए गए स्टाल का शुभारंभ किया।

बच्चों के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी, रस्सी दौड़, बोरा दौड़ सहित पंजा लड़ाने के खेल में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। द्वितीय दिवस स्कूल परिसर में आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा छोटे- छोटे शाप लगाए गए। बच्चों में व्यापारिक गुण और दुकान संचालन की विधा देखने को मिली। बच्चों द्वारा स्टाल में गोल गप्पे की दुकान, पास्ता, मैगी तथा घर में बनी मिठाई, फल, चकली, पान तथा पैकिंग सामान नमकीन बिस्किटकी दुकान सजाई गई थी। पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मेले में पहुंचे लोगों ने इसका लुत्फ उठाया। बच्चे अपने शाप के अलावा दूसरे के शाप में जाकर खरीदी करते नजर आए। पैसों के हिसाब किताब और सामान की देखरेख, व्यापारिक गुण एवं बिजनेस आइडिया बच्चों को एक साथ सीखने को मिला। स्कूल के संचालक ने बच्चों की हौसला अफजाई के लिए स्टालों से खरीदी की।

प्राचार्य अर्जुनलाल साहू ने बताया कि इस अयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में व्यापारिक गुणों का विकास एवं स्वरोजगार से जुड़ने सीख देना था। उन्होंने बताया कि खेलकूद के अलावा स्कूल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया है।

इस कार्यक्रम में उपप्राचार्य एलजी साहू, व्याख्याता टी. साहू, व्याख्याता के.साहू, व्याख्याता एन साहू, व्याख्याता पी. साहू, शिक्षक मुनींद्र कुमार साहू, मोहित गोस्वामी, हर्षद साहू, नोकेश्वर साहू, शिक्षिका तुलसी साहू, रोशनी साहू, लुमन साहू, चंद्रप्रभा साहू, भारती साहू का सहयोग रहा।

# राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करवाने पेंशनर प्रयासरत

■ नगरी में मनाया पेंशनर्स स्थापना दिवस, 80 प्लस पेंशनरों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा पेंशनर्स स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपी चक्रधर सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर थे। अध्यक्षता एएल बनपेला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, श्रीमती आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, चेतन भारती प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर, श्यामबिहारी अग्रवाल उपप्रांताध्यक्ष एवं श्रीमती केजा बाई यादव थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमने शासकीय सेवक के रूप में देश की अमूल्य सेवा की है और आज हमें पेंशन मिल रही है। प्रांताध्यक्ष ने कहा कि हमारा समाज राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि पेंशनरों को उनके स्वत्यों के भुगतान में अनावश्यक बिलंब न हों। कार्यक्रम का संचालन बीएल सार्वा महासचिव और आभार प्रदर्शन एलएस गजपाल कोषाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में केएस श्रीमाली, केके परिहार, आरएल देव, बीएस सुरेशा, लखन लाल नाग, प्रयाग बिसेन, श्रीमती मंजुलता शिंदे, अल्का गजपाल, सुशीला गुप्ता, रामलाल साहू, आरआर कंचन, आरपी तिवारी, पीआर चंद्रवंशी, केएल सिन्हा, जीसी साहू, एलएन दीक्षित, डी एस ध्रुव, आरएस भंडारी, श्रीमती लालती साहू, कुन्ती पटेल समेत बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। इस अवसर पर 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों का स्वागत किया गया।

# ऐजे इंग्लिश स्कूल में हुआ वार्षिक खेलकूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर के ऐजे इंग्लिश स्कूल कुरुद में दो दिवसीय वार्षिक खेल का आयोजन किया गया। नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद खेलों का शुभारंभ किया गया। नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों ने चम्मच दौड़ ,100 मीटर रेस, कबड्डी, खो-खो , क्रिकेट, रस्सी खींच, कैरम, शतरंज, बैटमिंटन, वॉलीवाल में भाग लिया। खेलों में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को वार्षिक उत्सव के दिन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल के संचालक अय्यूब खान, अंजुम खान, प्राचार्य एसएन पंडा, विजय साहू, मिलेश्वर साहू, शेख नजीर, टोमन साहू, प्रमिला पंडा, चुरामिन साहू, एरावती चंद्राकर, नीतू साहू, जामिनी साहू, नम्रता पटेल, दामिनी ध्रुव, वीना साहू, डोवेश साहू व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# हाईस्कूल चटौद में गणित मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



शासकीय हाईस्कूल चटौद में श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस एवं गणित मेला का आयोजन किया गया। गणित मेला में गणित से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी, प्रोजेक्टर द्वारा गणित के विभिन्न टॉपिक का प्रस्तुतिकरण एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एचआर मरकाम एवं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती एवं श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे केपी साहू ने गणित मेला के आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि चित्रचार्ट, रंगोली, मॉडल प्रदर्शनी, प्रस्तुतिकरण एवं प्रश्न मंच द्वारा गणित को मनोरंजक बनाकर गणित के प्रति बच्चों में रुचि पैदा करना है। गणित के डर को भगाना है। गणित की व्याख्याता श्रीमती आभा खरे ने गणित का दैनिक जीवन में महत्व एवं रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोजेक्टर के माध्यम से कुमारी चेतन ने थेल्स प्रमेय, भावना ने बहुलक ज्ञात करना, लक्ष्मीकांत ने उद्धवतीर्याभ्यास गुणा, खुशी साहू ने चक्रवृद्धि ब्याज, ठानेंद्र कुमार ने रेखीय युग्म, माधुरी ने पाचन तंत्र, शैली साहू में उत्सर्जन तंत्र, रूबी साहू ने रोगों के बारे में जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में थेल्स ग्रुप विजेता एवं पाइथागोरस ग्रुप उपविजेता रहे। कार्यक्रम में एचआर मरकाम, एसके कंवर, केपी साहू, बीआर साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, हेमलता साहू, वासंती देवांगन, दयानंद वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हिर्रीडीह एवं बिरगुड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा

# ग्रामीणों को दी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत हिर्रीडीह एवं बिरगुड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनता को अवगत कराया गया। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर आम जनता को आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना का लाभ लेने के बारे में प्रोत्साहित किया। धरती करे पुकार कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम में श्रवण कुमार मरकाम पूर्व विधायक सिहावा, श्री राजेन्द्र गोलछा जिला मंत्री भाजपा, श्रीमती दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष, हुमित कुमार लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी जिला मंत्री भाजपा, जिला महामंत्री प्रकाश बैस, भाजपा, मोहन पुजारी, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष बेलरगांव ने शासन की योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया।

मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत हिर्रीडीह एवं बिरगुड़ी, नोडल अधिकारी सीपी साहू, आनंद साहू जपं नगरी, प्रीति ठाकुर समेत सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सक व्दारा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
29 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### आमदी में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से

**धमतरी।** गायत्री परिवार एवं नगरवासियों के सहयोग से राधाकृष्ण मंदिर कलामंच स्कूल चौक आमदी में 25 से 27 दिसंबर तक तीन दिवसीय 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस सोमवार को भव्य कलश यात्रा, ऋषि पुत्रों का स्वागत देव स्थापना एवं प्रज्ञा पुराण कथा होगी। मंगलवार को यज्ञ हवन एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा, बुधवार को यज्ञ हवन एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा भोजन प्रसादी, प्रज्ञा पुराण कथा एवं सहस्त्र बेदी दीपयज्ञ यज्ञ, हवन, निःशुल्क विभिन्न संस्कार, विवाह संस्कार ,मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार, पूर्णाहुति एवं प्रज्ञा पुत्रों की विदाई होगी। यह जानकारी रामआसरा साहू ने दी है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई मनमोहक प्रस्तुति



**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 एवं इकाई 02 के सात दिवसीय विशेष शिविर का षष्ठम दिवस सांस्कृतिक दिवस के रुप में मनाया गया। मुख्य अतिथि गायत्री ध्रुव सरपंच ग्राम कोकड़ी (नारी) थी। अध्यक्षता श्रीमती सीता साहू उपसरपंच ने की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के के छाया चित्र में पूजा-अर्चना एवं राजकीय गीत से की गई। स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। नृत्य में पंथी, सुआ एवं देशभक्ति प्रमुख रहे। नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने नशे के दुष्प्रभाव तथा शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम रात्रि 10:30 बजे तक चला। शिक्षक एस. कुमार साहू ने महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद किया।

### सहकारी कर्मियों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**पुरी।** पुरानी कृषि उपज मंडी में जिला साहू समाज द्वारा आयोजित युवा युवती परिचय सम्मेलन व नवनिर्वाचित साहू विधायकों के सम्मान में पहुंचे मुख्यमंत्री अरुण साव को छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के जिला कार्यवाह अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश की प्रत्येक सहकारी समिति को प्रतिवर्ष 5-5लाख रुपए प्रबंधकीय व्यय राशि दी जाए ताकि कर्मचारियों को वेतनमान , महंगाई भत्ता, ग्रेजुएटी, पेंशन आदि सुविधाएं मिल सके। सेवा नियम 2018 संसोधन हेतु पंजीयक कार्यालय में लंबित हैं, उसे तत्काल लागू किया जाये। जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में सेवा नियम 2018 के अनुसार पदस्थ समिति प्रबंधक कर्मचारियों को बैंक प्रबंधक क्रेडर पर संविलियन करते हुए बैंक के अन्य रिक्त पदों पर सहयोजन किया जावे। खाद, बीज, दवाई, धान खरीदी कमीशन, प्रासंगिक सुरक्षा व्यय में बढ़ोतरी की जाए।

### निष्ठा साहेब का सत्संग समारोह कल से



**सांकरा/नगरी।** श्री कबीर सत्संग समिति नगरी सिहावा क्षेत्र के तत्वावधान में नगरी सिहावा अंचल में चार दिवसीय सदगुरू कबीर सत्संग ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 दिसम्बर को अडिल निवास एवं 27 दिसम्बर साहू को सदन नगरी में, 28 दिसम्बर को परिक्षेत्रीय साहू सदन सांकरा, 29 दिसम्बर को गांधी चौक फरसियां में दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक किया गया है। मुख्य प्रवक्ता संत निष्ठा साहेब श्री कबीर अध्यात्म संस्थान विशाल नगर मुंजापुर बाराबंकी (उ.प्र.) होंगे। कबरी सत्संग समिति नगरी सिहावा ने श्रद्धालुओं से सत्संग सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

### बोरसी सोसाइटी में 857 किसानों ने 7 करोड़ 25 हजार 747 रूपये का धान बेचा



**मगरलोड।** राज्य में धान खरीदी चल रही है। धान खरीदी केन्द्रों में धान की आवक बढ़ गई है। खरीदी केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार व मापदंड से खरीदी हो रही है। ग्रामीण सोसाइटी बोरसी में धान खरीदी हो रही है। बोरसी सोसाइटी समिति प्रबंधक नेमचंद निषाद ने बताया कि एक नवंबर से लेकर 21 दिसंबर तक 857 किसानों ने 7 करोड़ 25 हजार 747 रूपये 20 पैसे का धान बेचा है। 2 करोड़ 66 लाख 1हजार 502 रूपये 61 पैसे की ऋण वसूली की गई है। किसानों के खाते में लिंकिंग के माध्यम से 4 करोड़ 34 लाख 24 हजार 244 रूपये 59 पैसे का भुगतान किया गया है। मोटा, पतला धान 31958 .40 क्विंटल खरीदी हुई है। मोटा धान 15345.60 क्विंटल, पतला 13028 क्विंटल व सरना धान 3584.80 क्विंटल की खरीदी हुई है। धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में सुविधा है। टोकन प्राप्त किसानों का ही धान लिया जा रहा है। धान परिवहन संतोषप्रद है।

### करेली बड़ी में शिव महापुराण जारी



**मगरलोड।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली बड़ी के पुराना बाजार चौक में संगीतमय शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 24 से 30 दिसम्बर तक किया जा रहा है। प्रवचन दोपहर 12 बजे शुरू होगा। कथावाचिका ग्राम मेघा निवासी कल्पना पांडेय होंगी। सरपंच डोमार सिंह साहू ने बताया कि प्रथम दिवस 24 दिसम्बर रविवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिवपुराण महिमा बताई गई। द्वितीय दिवस 25 दिसम्बर को व्यास जन्म कथा, सृष्टि स्थापना, दिव्य महिमा, तृतीय दिवस 26 दिसम्बर को दक्ष चरित्र, सती जन्म, शिवसती विवाह कथा, चतुर्थ दिवस 27 दिसम्बर को पार्वती जन्म, शिवलीला वर्णन, शिव-पार्वती विवाह कथा, पंचम दिवस 28 दिसम्बर को कार्तिकेय जन्म, तारकासुर उध्दार, गणेश जन्म एवं विवाह कथा, छटवें दिन 29 दिसम्बर को द्वादश ज्योर्तिलिंग, तुलसी विवाह कथा, वेलपत्र वर्षा, शोभायात्रा चढ़ोत्री, सातवें दिन 30 दिसम्बर को देवी चरित्र वर्णन, नरक भोग कथा, हवन पूर्णाहुति, भोग प्रसादी के बाद कथा का समापन होगा।

### बिरेझर में जयंती मड़ई 28 को

**जीजामगांव।** सतनामी समाज बिरेझर के तत्वावधान में 28 दिसंबर गुरुवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि बुधारूराम गहिवारे, टकेश्वर गहिवारे, सुरेन्द्र लहरे, खेमन लहरे, नरेन्द्र बंजारे ने दी है।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ

# गीता जयंती पर कोसरिया यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा








हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गीता जयंती पर कोसरिया यादव समाज द्वारा रविवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रेलवे स्टेशनपारा से निकलकर सिहावा चौक, घड़ी चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, कोतवाली थाना, तहसील आफिस, पोस्ट आफिस वार्ड होते हुए आमातालाब स्थित समाज भवन पहुंची। शोभायात्रा में भगवान कृष्ण और राधा को रथ में स्थापित किया गया था। राउत नाचा की प्रस्तुति हुई। रास्ते भर आतिशबाजी हुई। समाज की महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। सभी समाजजन पीले वस्त्र धारण किए हुए थे। शोभायात्रा पश्चात सामाजिक भवन में मंचीय कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता रामेश्वर यादव ने की। विशिष्ट अतिथि विजय देवांगन, जोहन सिंह यादव, बलराम यादव, घनश्याम यादव, लीलाराम यादव, दीनदयाल यादव, नंद यादव, सत्यवान यादव, पार्षद राजेश ठाकुर, राजेन्द्र शर्मा थे। मंचीय कार्यक्रम पश्चात समाज ने विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इससे पूर्व सुबह 7 बजे कलश स्थापना, गीता पूजन एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। शाम को गीता पाठत, प्रवचन, हवन व आरती हुई। समापन के बाद भंडारे में सबने प्रसादी ग्रहण किया। प्रवचनकर्ता पं. रामअवतार तिवारी धमतरी थे।

इस अवसर पर लीली यादव, बीएल साहू, रामेश्वर यादव, नरेन्द्र यादव, बंशी यादव, यशवंत यादव, नरेन्द्र, अंशु यादव, चुनेश्वर यादव, शांति यादव, कुसुम यादव, जानकी यादव, सीता यादव, सुरेखा यादव, गौरी यादव, कमल यादव, जितेन्द्र यादव आदि समाजजन उपस्थित थे।

## बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल

- जीनियस पब्लिक स्कूल में हुआ जायके का सफर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




बाल मेला के अवसर पर जीनियस पब्लिक स्कूल में शनिवार को जायके का सफर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रृंगी ऋषि एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष प्रजापति, पालक समिति अध्यक्ष जीनियस पब्लिक स्कूल गिरधारी साहू, वरिष्ठ नागरिक राम प्रसाद तिवारी, पूर्व सभापति बलजीत छाबड़ा, संस्था प्रबंधक मोहन सोनी संतोष अगलावे थे। स्कूली बच्चों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया।

विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा 33 स्टॉल लगाए गए थे जिसमें चाट, भेलपुरी, गुपचुप, चना, ढोकला, कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी, चाइनीस पकोड़ा, सैंडविच, फ्रूट सलाद, मोमोज, बॉम्बे मिठाई , छत्तीसगढ़िया व्यंजन बनाए गए थे छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग मिकी माउस व सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। सभापति बलजीत छाबड़ा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाना है। बच्चों में व्यावसायिक दृष्टिकोण का विकास होगा और आत्मनिर्भर बनेंगे। बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का पालकों व नगरवासियों ने भी खूब लुत्फ उठाया। बच्चों के लिए प्रतिस्पर्धा भी रखी गई थी जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय का इनाम शाला प्रबंधन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य शंकर कुसुलि, श्रीमती चेतना देवांगन, विरेंद्र देवांगन एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

## गंगरेल पर्यटन में आया बूम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शीतकालीन छुट्टी में गंगरेल पर्यटन में बूम आ गया है। स्कूली बच्चों समेत विभिन्न जिलों से सैलानी सैर सपाटे के लिए गंगरेल पहुंच रहे हैं। रविवार को वाटर स्पोर्टस के लिए लोगों की कतार लगी रही। फ्लाईबोट के रोमांचक खेल के लिए रायपुर-दुर्ग जिले से युवा पहुंच रहे हैं।

बरदिहा लेक व्यू रिसोर्ट के मैनेजर कैलाश राय ने बताया कि गंगरेल पर्यटन के लिए बड़ी संख्या में सैलानी आ रहे हैं। रिसोर्ट शादी-विवाह के लिए बुक है। नए साल के सेलिब्रेशन के लिए रिसोर्ट लगभग बुक हो चुके हैं। वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि जेस्की, स्पीड बोट, हाऊस बोट के साथ अब फ्लाई बोट शुरु होने से इस गेम का रोमांच बढ़ गया है। रायपुर-दुर्ग जिले से युवा फ्लाई बोटिंग के लिए गंगरेल पहुंच रहे हैं।

**महानदी परियोजना के जलाशयों की हालत पतली**





**बांधों में आधे से कम पानी**

ठंड के मौसम में महानदी परियोजना के चारों जलाशय सूखने लगे हैं। चारों बांध में जल संग्रहण क्षमता 55 टीएमसी हैं, लेकिन इसमे आधे से कम 26 टीएमसी पानी शेष है। गंगरेल बांध में ग्रास लेवल पर 17 टीएमसी पानी भरा है, लेकिन उपयोगी पानी 12 टीएमसी है। मुरुमसिल्ली बांध में 2.600 टीएमसी, दुधावा में 2.483 टीएमसी, सोंदूर में 3.726 टीएमसी जलभराव है।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व मंत्री केदार का भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



रविवार को सुबह 11 बजे राजधानी से बस्तर प्रवास पर रवाना हुए साय सरकार के नवनियुक्त केबिनेट मंत्री केदार कश्यप और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव कुरुद के सांधा चौक के पास कुछ देर रुके। यहां भाजपा के निरंजन सिन्हा, कमलेश ठोकने, भानु चन्द्राकर, ज्योति चन्द्राकर, हरिशंकर सोनवानी, कृष्णकांत साहू, आनन्द यदु, पंकज सिन्हा, पुष्पेन्द्र साहू, भूपेंद्र सिन्हा, विक्रम बंजारे, लोकेश साहू, पप्पी चैनवानी, गौरव भोसले, राजेश साहू आदि कार्यकर्ताओं ने फटाके फोड़ और फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं नारेबाजी की। इस बीच नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव ने विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ जनादेश के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी इसी तरह केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार को कायम रखने मेहनत करने को कहा।

## 12 छात्रों ने राज्य स्तरीय कब बुलबुल उत्सव में लिया भाग



**धमतरी।** भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कब बुलबुल उत्सव एवं चतुर्थ चरण जांच शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी बृजेश बाजपेई के निर्देशन एवं डाक स्काउट नामलाल गंगेले के मार्गदर्शन में कब मास्टर सोहनलाल साहू एवं नोमेश कुमार साहू के नेतृत्व में कुल 12 कब बालकों ने धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 10 बालक शासकीय प्राथमिक शाला झिरिया (धमतरी) से एवं 2 कब बालक शासकीय प्राथमिक शाला दूधवारा (मगरलोड) से सम्मिलित हुए। सभी बच्चों ने खेलकूद लिप फ्रॉग, स्किपिंग, हॉपिंग, गोली चम्मच, सुई धागा दौड़, व्यायाम बीपी सिक्स, फैंसी ड्रेस, चित्रकला, मॉडल मेकिंग, कब ग्रीडिंग, नाटक, नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। चार कब बालकों ने चतुर्थ चरण जांच परीक्षा में सफलता प्राप्त की। राज्य मुख्यालय ने बच्चों को ट्रैक सूट एवं प्रशस्ति पत्र व जिले को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उनकी इस सफलता पर जिला अध्यक्ष विनोद पांडे, नेतू राम यादव स्थानीय संघ अध्यक्ष समस्त स्काउट गाइड जिला धमतरी समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विधायक अम्बिका की आभार रैली निकली



**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत के बाद रविवार को विधायक अम्बिका मरकाम की आभार रैली निकली जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता शामिल हुए। रविवार को 3 बजे बैंड बाजे की धुन पर नगर के मुख्य मार्ग में कांग्रेस की आभार रैली निकली। विधायक अम्बिका मरकाम का जगह-जगह लोगों ने गुलाल व फूलमालाओं से स्वागत किया।

**देमार में क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से**

**धमतरी।** मां महामाया क्रिकेट क्लब देमार द्वारा 28 दिसंबर से 3 जनवरी 2024 तक सात दिवसीय ओपन स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन झलमला तालाब देमार में किया गया है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## बेन्द्रानवागांव स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला बेन्द्रा नवागांव का सूर्यकान्त सोनवानी एमआईएस एवं श्री साहू ने निरीक्षण किया। बच्चों से सवाल पूछे। सही जवाब सुनकर अधिकारी प्रसन्न हुए।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... मो. 9406004581
बिलासपुर: ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### 1 जनवरी को कुकरेल मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)**। इस साल भी ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी सोमवार को कुकरेल की मड़ई रखी गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय छत्तीसगढ़ महतारी कुम्हारी चंपारण का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी शंकर लाल सेन, श्याम लाल कोर्राम, जगदीश ध्रुव, थानुराम पटेल, गिरधारी सिन्हा ने दी है।

### सरबदा में 7 को होगी मड़ई

**अंवरी**। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सरबदा में 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सोन के मुंदरी पोटियाडीह धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच चैतन्यगिरी गोस्वामी ने दी है।

तहसीलदार को दिया लिखित आवेदन, कार्रवाई नहीं होने पर दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

# नगर से अतिक्रमण हटाने युवाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का कांप्लेक्स निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। दुकान, सड़क किनारे निकाय से बिना अनुमति लिए पक्की दुकान बनाने की होड़ लग गई है। नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि की मौन स्वीकृति से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। नगर के युवाओं ने अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को लिखित आवेदन किया है।

युवा तिलक, कृपाराम साहू, शैलेंद्र राव, छत्रपाल साहू, चंद्रजीत चौहान, विरेंद्र साहू, लोकेश साहू, गोपाल सिन्हा, अभिषेक निर्मलकर, संतोष राजपूत ने लिखित आवेदन में बताया कि नगर के तहसील कार्यालय के सामने पक्का काम्प्लेक्स बनाकर दुकान संचालित कर रहे हैं। उक्त स्थल से पूर्व तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने की कारवाई की थी। उसी स्थान पर पुनः पक्का कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है। शासकीय आदेश एवं कार्रवाई का उल्लंघन कर प्रशासन को ठेंगा दिखाने का कार्य किया है। नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत भवन एवं दुकान निर्माण के पूर्व निकाय कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है। नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। मकान, दुकान निर्माण के लिए अनुमति नहीं लेने से नगर पंचायत को लाखों रुपए का आर्थिक राजस्व नुकसान हो रहा है।

यहां बताना आवश्यक है कि नगरीय निकाय से राजस्व वसूली के दम पर नगर पंचायत का सफल संचालन संभव है। नगर पंचायत क्षेत्र में चारों ओर अतिक्रमण कर पक्का मकान दुकान, कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। नगर क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि जानकर भी मौन हैं। नगर के युवाओं ने अतिक्रमण पर उचित कार्रवाई करने शासन-प्रशासन से मांग की है। उचित कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# सांसद प्रतिनिधि ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित



■ सलोनी हाईस्कूल के बच्चों का नेशनल हॉकी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सलोनी हाईस्कूल के बच्चों ने हॉकी में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सिर्फ मेडल ही नहीं लिए बल्कि राष्ट्रीय स्तर के हॉकी में जाने के लिए उनका चयन हुआ है। कुमारी मिताली नेताम, कुमारी हर्षिता साहू कक्षा ग्यारहवीं जालंधर पंजाब जाएंगी। देविका ध्रुव कक्षा नवमीं कोडागु कुर्ग कर्नाटक जाएंगी। इसी तरह कुमारी हिमांशी नेताम कक्षा आठवीं ग्वालियर मध्यप्रदेश में अपनी प्रतिभा दिखायेंगी।

बच्चों के मनोबल को ऊंचा करने के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने स्कूल में चयनित बच्चों को सम्मानित किया।

मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल, महामंत्री मोनिका देवांगन, मीडिया प्रभारी संगीता जगताप, स्कूल प्राचार्य, खेल कोच हेम सिन्हा उपस्थित थे। उमेश साहू ने बच्चों को हर प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया है।

# सांसदों के निलंबन मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

■ विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार : हितेश गंगवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




सांसदों के निलंबन मुद्दों को लेकर धमतरी युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार द्वारा लोकतंत्र में आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाया जा रहा है। भाजपा सरकार ने देश की लोकतंत्र पर हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 150 सांसदों को निलंबित कर दिया है। विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम रहती है। विपक्ष जनता की आवाज बनकर संसद में जनहित की बातों को बखूबी से रखता है लेकिन जिस प्रकार से भाजपा सरकार का रवैया संसद को लेकर रहा है, वह निंदनीय है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला जलाकर पुरजोर विरोध किया।

मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, दिव्यांगजन बोर्ड सलाहकार अध्यक्ष मोहन लालवानी, महिला जिलाध्यक्ष सूर्यप्रभा चेटियार, शहर ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर देवांगन, आकाश गोलछा, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, पार्षद दीपक सोनकर, योगेश शर्मा, गुरुगोपाल गोस्वामी, कुलेश्वर देवांगन, गौतम वाधवानी, राजा देवांगन उपस्थित थे।

# देश में 8.5 लाख सहकारी समितियां पंजीबद्ध, 30 करोड़ सदस्य हुए लाभान्वित : दीक्षित

■ सेहराडबरी में सहकारी समितियों में आधुनिक प्रवृत्तियां तकनीकी विषय पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शंकरदाह अंतर्गत ग्राम सेहराडबरी के साहू भवन में वर्तमान में सहकारी समितियों मे आधुनिक प्रवृत्तियां तकनीकी विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एएन दीक्षित सेवानिवृत प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन लाल नेताम सरपंच थे। अध्यक्षता घनश्याम साहू अध्यक्ष साहू समाज सेहराडबरी ने की। विशिष्ट अतिथि श्यामलाल साहू पूर्व प्राधिकारी पैक्स शंकरदाह व अशोक कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष पैक्स शंकरदाह थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ अनंत नारायण दीक्षित ने कहा कि सहकारिता की भावना प्राचीन समय से भारतीय समाज में विद्यमान रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था वाले भारत में सहकारिता ने पर्याप्त प्रगति की। देश में 8.5 लाख सहकारी समितियां पंजीबद्ध है। इससे 30 करोड़ सदस्य लाभान्वित हो रहे हैं। भारत के 98 प्रतिशत ग्रामीण हिस्से में सहकारिता की पहुंच बन चुकी है। देश में 13 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। प्राथमिक कृषि साख समितियां को अब बहुद्देशीय बनाया जा रहा है जो कृषि साख के अतिरिक्त खाद्यान्न की खरीदी, कॉमन सर्विस सेंटर, एलपीजी वितरण, जन औषधि केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। इससे समितियों को आर्थिक लाभ होगा और ग्रामों में रोजगार की भी वृद्धि होगी

सहकारी समितियों के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना भी बनाई जा रही है, जिससे प्राथमिक समितियों के सहयोग से भंडारण क्षमता निर्मित की जायेगी, जिससे अनाज की बर्बादी कम होगी साथ ही अनावश्यक परिवहन लागत भी घटेगी। प्राथमिक सहकारी समितियों को अधिक कुशल बनाने हेतु 63000 प्राथमिक साख समितियों के कंप्यूटरीकरण हेतु 2516 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन संघ संचालक नंदकुमार साहू ने किया।

# दिनेश 7वीं बार सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

जनपद पंचायत मुख्यालय कुरूद में विकासखंड कुरूद के सचिवों द्वारा निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से दिनेश प्रसाद चंद्राकर को सातवीं बार निर्विरोध ब्लॉक इकाई सचिव संघ कुरूद का अध्यक्ष बनाया गया। निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी साथियों के सहयोग से कार्य करने एवं संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद श्री वर्मा एवं जिला धमतरी व ब्लॉक के सचिवों ने शुभकामनाएं दी है। मौके पर छबिलाल साहू जिलाध्यक्ष, चम्पेश्वर यादव, प्रकाश चंद्राकर, भुवन सिन्हा, मदन सेन, रविकुमार साहू, हेमलाल यादव, ओमप्रकाश साहू, अनितकुमार ध्रुव, भोलाराम साहू, लक्ष्मी साहू, रूना साहू, श्रीराम सिन्हा, घनश्याम साहू, अशोक साहू, भूपेश सिन्हा, श्यामलाल विश्वकर्मा, सुभाष साहू खेमिन, गिरिजा, रेखराम साहू, वेदप्रकाश साहू, गीतेश्वर साहू, टोकेश्वर बैस , कन्हैया देवांगन, प्रीतिराम नायक, तामेश्वर साहू, शेखुराम साहू, लुकेश साहू, नरेंद्र साहू, विशालराम रामकुमार, युवराज, चंद्रप्रकाश, देवाराम, कृष्णकुमार, रामजी, हिरेश्वरी, पुष्पा, शीला साहू, माधुरी, ग्रीष्मा साहू, कन्या बघेल, महेश, प्रेमलाल, प्रेमसिंग, मोहनी, तुषार, कौशल, भूपेश, तोरणवर्मा, दुकालू दीवान, महेश साहू, चिंता ध्रुव, कीर्ति, खेदन, दिनेश, ताराचंद, हीरासिंग, सोमेंद्र, पुनीत, भरतलाल, लीलाराम उपस्थित थे।


सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

# अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया, हम सब मिलकर इसे संवारेंगे : अरुण

■ उप मुख्यमंत्री का प्रथम नगर आगमन

■ छत्तीसगढ़ के किसानों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों एवं दलितों को भाजपा सरकार से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव रविवार को एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने धमतरी पहुंचे। उपमुख्यमंत्री का प्रथम नगर आगमन पर जिले भर के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया और राज्य की जनता ने भाजपा को पुनः सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है, अब हम सब मिलकर इसे संवारेंगे। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों एवं दलितों को इस सरकार से बहुत उम्मीद हैं और हम उनकी सभी समस्याओं का निवारण करने का भरसक प्रयास करेंगे।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, रामू रोहरा, प्रीतेश गांधी, रंजना साहू, श्रवण मरकाम, इंदर चोपड़ा, निर्मल बरडिया, प्रकाश बैस, कविंद्र जैन, अरविंदर मुंडी, हेमंत माला, महेंद्र पंडित, नेहरू निषाद, हेमलता शर्मा, श्यामा साहू, चेतन हिंदुजा, अविनाश दुबे, सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, अर्चना चौबे, पार्वती वाधवानी, बीथिका विश्वास, विनोद पांडेय, नागेंद्र शुक्ला, डेनिस चंद्राकर, डीपेंद्र साहू, दयाराम साहू, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, रोहिताश मिश्रा, विजय मोटवानी, विनय जैन, खूबलाल ध्रुव, पिंकू साहू, अज्जु देशलाहरे, मिथिलेश सिन्हा, रीतिका यादव, अनीता यादव, अखिलेश सोनकर, राकेश चौबे, योगेश गांधी, अशोक सिन्हा, निलेश रायचुरा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### देवांगन समाज ने किया कैबिनेट मंत्री लखन का स्वागत



**भखारा**। देवांगन समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन के नेतृत्व में समाजजनों ने छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बीरगांव ओमप्रकाश देवांगन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, युवा देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, प्रदेश के पूर्व महामंत्री धनेश देवांगन, प्रदेश महिला समाज उपाध्यक्ष पदमा देवांगन आदि उपस्थित थे।

### छात्रों ने विज्ञान पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी रखी



**धमतरी**। शाउमावि सलोनी के छात्रों ने प्राचार्य आरके गुप्ता के निर्देशन में महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने कुल दस मॉडल तैयार किये थे जिसे सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने अवलोकन किया। चंद्रकला, चुनेश्वरी, पुष्केद्र, केशरी, पायल, पूर्वा, नम्रता, लेखनी, योगेन्द्र और लोकेश्वरी ने अपनी सहभागिता प्रदान की। जीव विज्ञान से विकास निम्बालकर, भौतिक शास्त्र से हरीश साहू, गणित से वासुदेव साहू और रसायन से त्रिलोक साहू ने निर्देशन किया। प्राचार्य आरके गुप्ता, जी एस साहू, श्रीवास, एनआर साहू, विजय कुमार जगने, एएस ध्रुव, हेमंत साहू, पीके यादव और एसएस साहू ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### मेला मड़ई में पहुंचे देव विग्रह



**नगरी**। ग्रामवासियों के सहयोग से उमरगांव में मेला मड़ई का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में देव विग्रह पहुंचे और मेले की परिक्रमा कर रस्म पूरी की।

### क्रिकेट में माही स्टार इलेवन अव्वल



**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम कुर्रा में महाकाल स्टार क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 10 दिवसीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1 लाख एवं द्वितीय पुरस्कार 50000 रूपए रखा गया था। माही स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब दुर्ग ने प्रथम स्थान एवं स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब तारर्री बालोद की मंडली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी सोम देवांगन एवं विक्की सिंह ने दी है।

### 16 विद्यार्थियों का सोलर पैनल निर्माण कार्य के लिए चयन



**कुरुद**। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरुद में सोलर पी. व्ही. इंस्टालर (सूर्यमित्र) बैच नंबर 08 के सभी छात्रों के साथ प्लेसमेंट कैंपस इंटरव्यू ड्राइव आयोजित की गई और सोलर पैनल निर्माण कंपनी रायपुर से भाविन (फाउंडर मेंबर), हितेंद्र कुमार साहू (एचआर), पवन कुमार (मेंटेनेंस) प्लेसमेंट कैंपस इंटरव्यू के लिए शामिल हुए थे। प्लेसमेंट इंटरव्यू में 35 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों का चयन नया रायपुर स्थित सोलर पैनल निर्माण कार्य के लिए किया गया है। इस दौरान स्टेट हेड डॉ. विद्यासागर चौहान, क्लस्टर प्रमुख मोतीलाल देवांगन, केंद्र प्रमुख भोजलाल साहू, प्लेसमेंट इंचार्ज हेमराज साहू, कविता साहू, प्रेमानंद ध्रुव मौजूद रहे।

### नारी का हमेशा सम्मान करें : रामप्रताप शास्त्री



**धमतरी**। राष्ट्रीय गौशाला मैदान में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री ने नारी के सम्मान मेंअद्भुत व्याख्या की। श्री शास्त्री ने कहा कि नारी का सम्मान सभी को सर्वदा करना चाहिए। नारी के अपमान के कारण महाभारत हुआ। जहां नारी का सम्मान नहीं होता, वहां महाभारत होता है। उन्होंने आगे कहा कि माताएं बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चों को संस्कारित करें। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हमेशा गुरु, माता, पिता की आज्ञा का पालन करें। उनके शब्दों को भगवान माने क्योंकि वही तुम्हारे सच्चे पथ प्रदर्शक और मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। कथा सुनने बिलासपुर हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस श्री बाजपेयी समेत अनेक कथा प्रेमी पहुंचे थे।

## सांता क्लाज टोपी, क्रिसमस ट्री, स्टार सजावटी सामान खूब बिके

# आज क्रिसमस : प्रभु यीशु मसीह का बाल रूप रहेगा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मसीही समाज का सबसे बड़ा त्योहार क्रिसमस आज सोमवार को मनाया जायेगा, जिसे लेकर समाजजन उत्साहित हैं। समाज के रिजनाल्ड पीटर, कल्याण मसीह, अनुराग मसीह, योगेश लाल ने बताया कि क्रिसमस पर्व की तैयारी को लेकर समाज के सभी सदस्य जुटे हुए हैं। घरों की सफाई, रंग-रोगन, सजावट की गई है। कैरोल गान की टीम घरों में पहुंचकर प्रभु यीशु मसीह का संदेश दे रही है। घरों को क्रिसमस टोपी, ड्रेस, क्रिसमस ट्री, स्टार, लाइटिंग से सजाया जा रहा है। सांता क्लाज बच्चों को आकर्षक गिफ्ट दे रहे हैं। पर्व को लेकर बाजार सजकर तैयार है। सांता क्लाज टोपी, ड्रेस, क्रिसमस ट्री, लाइट, स्टार समेत अन्य सामग्रियों की खूब बिक्री हुई। चर्च की सजावट, रंग-रोगन व लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। शहर के पुराने चर्चों में से एक मेनोनाईट चर्च में क्रिसमस पर विविध कार्यक्रम होंगे। इस दिन विशेष आराधना होगी। सेंट मेरी कैथोलिक चर्च, केथोलिक चर्च सिविल लाइन सहित शहर में 12 चर्च हैं, जहां क्रिसमस की हलचल तेज हो गई है। प्रार्थना सभा, विशेष आराधना, कैरोल गीत, प्रभु यीशु मसीह का संदेश होंगे। जन्म के प्रतीक स्थल की आकर्षक झांकी, प्रभु यीशु मसीह का बाल रूप लोगों के लिए खास होगा। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।







क्रिसमस ट्री, स्टार, सांता क्लाज टोपी, लाइट की बिक्री करने वाले दुकानदार विवेक सिंह ने बताया कि क्रिसमस को देखते हुए बड़ी संख्या में मसीही समुदाय खरीदारी करने दुकान पहुंच रहा है। उनके यहां विभिन्न डिजाइन के सांता क्लाज ड्रेस, टोपी, चरनी सेट, स्टार, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन, क्रिसमस ट्री विभिन्न दाम में उपलब्ध हैं। वहीं सबसे ज्यादा स्टार साइज के हिसाब से 100 रूपए से लेकर 500 रूपए तक हैं।










इतवारी बाजार अपडेट : मेथी भाजी, करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली, सेमी 80 रुपए किलो बिका

# ठंड के मौसम में हरी सब्जियां हुईं महंगी, रसोई का बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आमतौर पर ठंड के मौसम में हरी सब्जियां सस्ती होती हैं। उत्पादन अधिक होने की वजह से मांग कम हो जाती है इसलिए रेट भी कम रहता है लेकिन इस सीजन में सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं। ठंड में सब्जियां भाव खा रही हैं जिसे लेकर लोगों के चेहरे उड़े हुए हैं। घर का बजट बिगड़ रहा है। सब्जी उत्पादक कृषक, मेवालाल पटेल ने बताया कि पखवाड़े भर पहले बेमौसम बारिश, बदली ने हरी सब्जियों की फसल की सेहत बिगाड़ कर रख दी थी। बारिश से खेतों में पानी भर गया। पौधे गलने लगे थे। फलों में कीड़े लग गए थे। तोड़ने लायक फसल तबाह हो गई। मांग की तुलना में पूर्ति नहीं हो रही है इसलिए रेट चढ़े हुए हैं। कृषकों को फिर से बोनी करनी पड़ रही है। नई फसल आने में माह भर का समय है। संभवतः जनवरी-फरवरी में रेट कम हो सकते हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई लेकिन सब्जियों के भाव अधिक होने से उन्हें निराशा हुई। सब्जी विक्रेता रूपेन्द्र पटेल, मिश्रीलाल सोनकर, गणेशिया बाई सोनकर ने बताया कि रविवार को अदरक, मुनगा 150 रूपये किलो बिका। ढेंस 100 रूपये किलो रहा। मेथी भाजी, करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली, हरा धनिया, सेमी, कटहल 80 रूपये किलो बिका। कुंदरू, बरबटी, गोभी 60 रूपये किलो रहा। हरी मिर्च कोचई, शिमला मिर्च 50 रूपये किलो बिका। भटा, गाजर, केला, डोड़का, तोराई, गांठगोभी, मटर 40 रूपये किलो बिका। पत्ता गोभी 30 रूपये किलो बिका तो कुम्हड़ा, टमाटर, मूली, लौकी 20 रूपये किलो रहा। महंगाई को लेकर गृहिणियां, दामिनी साहू, केकती साहू, लोकेश्वरी पटेल ने कहा कि शीत ऋतु में सब्जियों के रेट बढ़ने से घरों का बजट बिगड़ गया है। अब तो 200 रूपये में भी थैला नहीं भर रहा है। ज्यादातर सस्ती सब्जियां ही खरीदी हैं।

### आलू 16, प्याज 35 रूपये किलो

हरी सब्जियों की तुलना में किराना सामानों के रेट स्थिर हैं। बल्कि कुछ सूखे सामानों के रेट और कम हुए हैं। बाजार में नया आलू 16 रूपये किलो बिक रहा है। वहीं प्याज 5 रूपये सस्ता होकर 35 रूपये किलो में बिका। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि रविवार को शक्कर 42, गुड़ 48, खड़ी मिर्च 260, खड़ी धनिया 110, खड़ी हल्दी 110, जीरा 470, काली मिर्च 780, रिफाइंड तेल पाउच 105, लहसुन 260, सरसों 75, मेथी 90, राहर दाल 150, मूंगदाल 105, उड़द दाल 150, मसूर दाल 85, चना देशी 75, काबुली चना 120, मटर 85, चना दाल 80 रूपये किलो बिकी। अंडा इस सप्ताह 80 रूपये दर्जन रहा।

## संत डॉ. ज्ञानवत्सल का प्रीतेश ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




अक्षरधाम परिवार भारतीय परंपरा व संस्कृति के महत्व को जन-जन तक पहुंचा रहा है : गांधी

प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने अक्षरधाम बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के महान संत एवं समाजसेवक डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी जी का रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट में पाटीदार समाज के युवाओं के साथ अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी गुजराती समाज के विभिन्न घटक के कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वामी जी ने प्रीतेश गांधी को शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर निकुंज कांचा, श्री पाटीदार युवा मंडल रायपुर उपाध्यक्ष कांति पटेल, महामंत्री भरत पटेल, मंत्री प्रवीण पटेल, हर्षद पटेल, पंकज पटेल, किरण पटेल, नितिन पटेल गुजराती स्कूल सहसचिव दिनेश पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व कोरबा जिला महामंत्री नवीन पटेल, नितिन डॉलकिया, बंटी पटेल, मुकेश पटेल, श्रीमती भावना टाक, प्रकाश पटेल उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था एवं श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज रायपुर द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आगमन पर स्वामी जी का दर्शन करना सौभाग्य की बात है। स्वामी जी अपना संपूर्ण जीवन मानव समाज को समर्पित कर पथ प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री गांधी ने आगे कहा कि डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी लाइफ एवं एमिनेंट स्पीकर हैं, जो अपने विचारों से लाखों लोगों की जिंदगी में परिवर्तन लाने वाले संत हैं। उन्होंने 20 से ज्यादा देशों में अलग-अलग विषयों पर अपने आध्यात्मिक, समाजसेवी एवं मोटिवेशनल स्पीच से हिंदू आदर्श को बढ़ावा देते हुए समाज, परिवार, जीवन में सुधार जैसे विषयों पर लाखों लोगों के जीवन में सुधार एवं परिवर्तन लाया है। छत्तीसगढ़ में लाखों जनमानस को प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन प्राप्त हुआ जो व्यक्ति के जीवन की सफलता में मिल का पत्थर साबित होगा।

## एकलव्य खेल परिसर में छाया क्रिकेट का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



■ दूसरे दिन 8 टीमों के मध्य खेला गया मैच

शहर के एकलव्य खेल परिसर में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित देवेंद्र सिंह ठाकुर की स्मृति में महाराणा प्रताप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी शानदार मैच देखने को मिला जहां 8 टीमों के मध्य मैच खेला गया।

प्रथम मैच आरडी इलेवन वर्सेस वन प्लस इलेवन के मध्य खेला गया जहां 57 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरडी इलेवन की टीम मात्र 29 रन पर ढेर हो गई।

दूसरा मैच ग्लोशाइन फिटनेस वर्सेस इंडियन फाइटर के मध्य खेला गया जहां ग्लोशाइन की टीम 23 रन से आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। तीसरा व सबसे हाईप्रोफाइल मैच शिवाजी इलेवन वर्सेज राजपुताना रॉयल्स के मध्य खेला गया।

दिन का चौथा व अंतिम मैच एसपी फाइटर सम्बलपुर वर्सेज सुपर किंग के मध्य खेला गया जहां एसपी इलेवन की टीम अपनी जीती हुई बाजी हार गई व अपने विपक्षी टीम सुपर किंग्स से 8 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर श्री राम हिन्दू संगठन के जिला संयोजक प्रवीण साहू ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से धमतरी के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारे का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर राजेश चंद्रकार, दीपक ठाकुर, रानू डागा, रंजीत छाबड़ा, भूपेंद्र साहू, शैलेन्द्र नाग, राममिलन, मोहन साहू, हेमराज सोनी, आर्यन सोनकर, रघुवीर बघेल, नकुल शर्मा, प्रवीण साहू, दिनेश यादव, पुष्पेंद्र हिरवानी, मनोहर बंजारे, आर्यन सोनी, अर्पित सिंह, वेदप्रकाश सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## हजरत सय्यद रईस अशरफ अशरफी आज नगर में



**धमतरी।** आले नबी औलादे सरकार गौसे आज़म शहज़ादा ए सुल्तान सरकार मखदूम ए सीमना हुजूर (रईसे मिल्लत हज़रत सय्यद रईस अशरफ अशरफ़ी उल जिलानी सज्जादा नसीन सरकारे शाहे मीरा) खम्बात शरीफ गुजरात व औलादे गौसे आज़म (रईसुल उलमा हज़रत सय्यद जामी अशरफ अशरफ़ी उल) खम्बात शरीफ गुजरात इंशा अल्लाह 25 दिसम्बर की सुबह 12 बजे जनाब मोहम्मद असलम अशरफ़ी साहब के घर जामा मस्जिद गली धमतरी में तशरीफ़ ला रहे हैं जहां हज़रत आवाम धमतरी से मुलाकात करेंगे। मालूम हो कि हज़रत केशकाल में 25 दिसम्बर को होने वाले ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ कांफ्रेंस के लिए छत्तीसगढ़ आये हुए हैं जहां हज़रत का अजीमोशान बयान होगा।











